# 42 डिग्री पहुंचा तापमान, लू ने तपाया

## गर्म हवाओं के लपटों ने बढ़ाई मुसीबत, दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 18 अप्रैल, का. गर्मी ने अपना रौद्र रुप दिखाना शुरु कर दिया है. मानों आसमान से आग बरसने लगी है. शनिवार को गर्मी के भारी प्रकोप के बीच गर्म हवाओं ने मुसीबत और बढ़ा दी. शनिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा पहुंचा.**

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को 41.4 डिग्री पर रहा तापमान शुक्रवार को 41.7 डिग्री तथा शनिवार को अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री पर जा पहुंचा. तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही गर्म हवाओं ने परेशानी और बढ़ा दी है. अप्रैल माह के दूसरे पखवाड़े में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है. दिनों दिन तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है.

गर्मी से बचाव हेतु जरुरी सावधानी

स्वास्थ्य विभाग की और से अधिक तापमान के बीच लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है. पानी अधिक मात्रा में पीने एवं पेय पदार्थो का अधिक सेवन करें, धूप से बचाव हेतु कैप, चश्मे, छाते का उपयोग करें, सिर को गमछे एवं तौलिये से ढंककर ही धूप में निकले. बुजुर्गो एवं बीमार व्यक्ति का विशेष रुप से ध्यान रखें. आवश्यक कार्य होने पर ही दोपहर के समय घर से बाहर निकले. गर्मी के अनुकूल खानपान पर विशेष ध्यान रखे जाने की सलाह दी गई है.




### प्याऊ का शीतल जल बुझा रहा प्यास

नगर पालिका परिषद, श्री मेड़तवाल वैश्य समाज, अग्रवाल महसभा एवं अन्य सेवाभावी संगठनों द्वारा नगर में स्थाई एवं चलित प्याऊ स्थापित की गई है. प्याऊ का शीतल जल राहगीरों को गर्मी के मौसम में काफी राहत पहुंचा रहा है. श्री मेड़तवाल वैश्य समाज द्वारा स्थाई के साथ ही चलित प्याऊ का भी संचालन किया जा रहा है. चलित प्याऊ एक जगह से दूसरी जगह पहुंचकर शीतल जल उपलब्ध करा रही है.

### राजगढ़ में आज 6 घंटे गुल रहेगी बिजली

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 18 अप्रैल, का.** 33/11 के.व्ही. विद्युत लाईन में कार्य के चलते आज नगर में 6 घंटे बिजली सप्लाई अवरुद्ध रहेगी. भीषण गर्मी के बीच इतने अधिक समय तक बिजली गुल रहने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. जानकारी के अनुसर कलेक्ट्रेट में अर्थिंग का कार्य होने के चलते आज रविवार को प्रात: 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी. इस दौरान नगर के नेश मोहल्ला, गिरनार सिटी, कलेक्टोरेट, एस.पी. ऑफिस, जिला पंचायत, स्टेडियम के पीछे, कालाखेत, दूरदर्शन, आरटीओ कार्यालय, मिडवे एवं पूरा क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

### सिविल अस्पताल में ओपीडी 400 के पार

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 17 अप्रैल, का.** कुछ दिन से तापमान में एकाएक हुई बढ़ोत्तरी के कारण बिमारियों का प्रकोप भी हावी होने लगा है. विभिन्न मौसमी बिमारियां अपनी चपेट में ले रही है किंतु विशेष बात यह है कि तेज गर्मी के कारण घबराहट, चेस्ट पेन के मामले भी बढ़े है, जो कि चिंता का विषय है. गौरतलब है कि दो-तीन दिनों से अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है. अप्रैल माह में भी 32 से 33 के बीच बना हुआ पारे ने एकाएक उछाल मारी और 40 से 41 के बीच जा पहुंचा. तापमान बढ़ते ही लल्टी, दस्त, पेट दर्द, बुखार के साथ ही घबराहट व चेस्ट में पेन होने की शिकायत लेकर भी मरीज सिविल अस्पाताल पहुंच रहे है. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी के चलते घबराहट होने के साथ ही चेस्ट, शरीर में जकडऩ होने की शिकायत आ रही है. स्थानीय सिविल अस्पताल में प्रतिदिन करीब 15 मरीज घबराहट, चेस्ट में पेन होने की शिकायत वाले आ रहे है.

**सिविल अस्पताल में रही 401 ओपीडी-** प्राय: सामान्य तौर पर 200 के आसपास रहने वाली ओपीडी में बुधवार को 401 मरीज आये. जबकि गुरुवार को 300 से अधिक तथा शुक्रवार की दोपहर तक 270 मरीज आ गये थे. जैसे-जैसे तापमान में बढ़ोत्तरी होगी मरीजो की संख्या भी बढऩे के आसार है. स्वास्थ्य विभाग की और से अधिक तापमान के बीच लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है. पानी अधिक मात्रा में पीएं एवं पेय पदार्थो का अधिक सेवन करें, धूप से बचाव हेतु कैप, चश्मे, छाते का उपयोग करें, सिर को गमछे एवं तौलिये से ढंककर ही धूप में निकले. बुजुर्गो एवं बीमार व्यक्ति का विशेष रुप से ध्यान रखें. आवश्यक कार्य हो तो ही दोपहर के समय घर से बाहर निकले. गर्मी के अनुकूल खानपान पर विशेष ध्यान रखे जाने की सलाह दी गई है.

## एक नजर में

### प्रदीप तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**पचोर 18 अप्रैल, सं.** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर पचोर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा. प्रदीप तोमर पिता देवी सिंह तोमर ने कला संकाय में 77.2 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पवन गुर्जर पिता जगदीश गुर्जर ने 76.8 अंक के साथ कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया. छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ ने बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

### प्रियांशु धाकड़ ने 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**पचोर 18 अप्रैल, सं.** प्रोविडेंस कॉन्वेंट स्कूल के छात्र छात्र प्रियांशु धाकड़ पिता जीतमल धाकड़ ने 10 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 82.4 प्रतिशत अंक पके साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया. प्रियांशु धाकड़ जीतमल धाकड़ प्राथमिक सहकारी संस्था मर्यादित धाकड़ बैंक के शाखा प्रबंधक के सुपुत्र है.



### ज्ञान स्थली एकेडमी का रहा शत-प्रतिशत परिणाम

**सुठालिया 18 अप्रैल, सं.** हाल ही में घोषित हुए कक्षा दसवीं के सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में ब्यावरा रोड स्थित ज्ञान स्थली एकेडमी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमे विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी लगन, मेहनत और अनुशासन के साथ-साथ शिक्षकों के अनुभवी मार्गदर्शन में अभूतपूर्व सफलता हासिल की. विद्यालय के होनहार एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने न केवल उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए, बल्कि विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित किया. प्रमुख विद्यार्थियों के परिणाम इस प्रकार हैं ईशान साहू ने 91.8, जिया सक्सेना 87.8, यस सोंधीया 86.8, प्रिया सोंधीया 83.8, विशाल सोंधीया 81.4, निलेश सोधिया ने 80 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है. वही इसके अतिरिक्त, विद्यालय के 24 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समर्पित शिक्षण व्यवस्था को दर्शाता है. विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक

**राजगढ़ 18 अप्रैल, का.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग में संचालित क्षीर धारा ग्राम योजना एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आधारभूत सर्वेक्षण कार्य को सात दिवस में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया. साथ ही जिनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया उन्हें नोटिस जारी कर सात दिवस में पूर्ण करने हेतु सख्त निर्देशित किया. बैठक में बिना अनुमति के अनुपस्थित कर्मचारी एवं अधिकारी को नोटिस जारी कर एक दिवस का वेतन काटने के के निर्देश दिए। साथ ही निराश्रित पशुओं को गोशाला में भेजने हेतु कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने भी निर्देश दिए एवं प्रत्येक विकासखंड में एक गोशाला को आदर्श गोशाला बनाने हेतु चयन कर कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया.

### भण्डावद का शानदार परीक्षा परिणाम

**जीरापुर 18 अप्रैल, सं.** समीपवर्ती शासकीय एकीकृत हाई स्कूल भंडावद में बोर्ड परीक्षा में छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम रहा. कक्षा दसवीं में राजनंदनी सोनगरा पिता तेजसिंह सोनगरा 93.4 , दिव्या लाखा पिता लाखन सिंह 92, लक्ष्मी कुंवर पिता कृष्णपाल सिंह सोनगरा 88.8, परमीत कौर पिता दयाल सिंह 80.4, किरण मालवीय पिता रमेशचंद्र ने 71.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर विधालय का गोरव बढ़ाया. प्राचार्य राजेंद्र कुमार व्यास सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी.

## नीलामी स्थल पर पड़ा रहा मरा हुआ कुत्ता, भड़के व्यापारी

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 18 अप्रैल, का. शनिवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी में उस दौरान नीलामी रोकना पड़ी जब नीलामी स्थल के समीप ही एक मरा हुआ कुत्ता पड़ा होने से भारी दुर्गंध उठ रही थी.**

जानकारी के अनुसार स्थानीय कृषि उपज मंडी में सुविधा घर के समीप मौजूद नीलामी टीनशेड के निकट एक कुत्ता मरा हुआ पड़ा था. बताया जाता है कि काफी समय से कुत्ता यहां पड़ा होने से काफी दुर्गंध उठ रही थी. शनिवार की दोपहर को जब व्यापारी यहां पर उपज की नीलामी करने पहुंचे तो वहां उठ रही दुर्गंध के चलते उनके द्वारा नीलामी कार्य रोक दिया गया. तत्पश्चात मरे हुए कुत्ते को वहां से हटवाया गया. इसके बाद नीलामी शुरु की जा सकी. काफी देर तक नीलामी रुकी रही.

शनिवार को मंडी में उपज विक्रय करने हेतु जल्द अपनी बारी आने को लेकर कई किसान एक दिन पूर्व शुक्रवार को ही उपज के वाहन लेकर मंडी में आ गये थे. मरे हुआ कुत्ता पड़ा रहने से यहां भारी दुर्गंध उठ रही थी जिसके कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. इतने लम्बे समय से मंडी परिसर में नीलामी स्थल के यहां मरा कुत्ता पड़ा होने के बावजूद मंडी प्रबंधन द्वारा उसे वहां से हटवाया नहीं गया. जब दुर्गंध के कारण नीलामी रुकी तब कहीं जाकर कुत्ते को वहां से हटवाया गया.

### मवेशियों से भी बचाना पड़ता है उपज को

स्थानीय कृषि उपज मंडी में मवेशियों का भी जमघट बना रहता है. उपज लेकर आने वाले किसानों को यहां मौजूद मवेशियों से उपज को बचाना पड़ता है. जरा भी निगाह हटी कि मवेशी उपज पर धावा बोल देते है. गौरतलब है कि मंडी परिसर में मवेशियों, सांड के झुंड के झुंड देखे जा सकते है. कई बार सांड आपस में लड़ते-झगड़ते हुए दौड़ लगाने लगते है.



## प्रशासन ने लंबे समय से जमे अतिक्रमण को हटाया



**नवभारत न्यूज, जीरापुर 18 अप्रैल, सं.** नगर के आवास कालोनी मार्ग पर सोसायटी के सामने लम्बे समय से शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण किया हुआ था. जिसे प्रशासन की कड़ी कार्रवाई के दौरान हटाया गया. जानकारी के मुताबिक कमलाबाई बैरागी और उसकी पुत्रवधू सुनीता बाई पति घनश्याम बैरागी के खिलाफ अवैध अतिक्रमण को हटाने का आदेश एसडीएम अंकिता जैन ने दिया. जिस पर राजस्व विभाग माचलपुर से प्रभारी तहसीलदार कपिल शर्मा, जीरापुर पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक होकम सिंह मीणा, नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बरसों पुराना अवैध अतिक्रमण हटाया. अतिक्रमण कारी द्वारा लम्बे चौड़े शासकीय भुखण्ड पर पक्की बाउंड्री, गुमटीया, तार फेंसिंग, शैड, मंदिर स्वरूप में धुनी बनाई गई थी. हालांकि हटाये गये शासकीय भुखण्ड पर भविष्य में पुन: अतिक्रमण ना हो इसलिए नगर परिषद के द्वारा तार फैंसिंग कराई जावेगी. ऐसे में नगर परिषद को हमेशा सख्त कदम उठाकर अतिक्रमण करने वाले पर कार्रवाई करना चाहिए ताकि पुन: ऐसी स्थिति निर्मित ना हो. यहीं नहीं जहां पर इस तरह से पुन: अतिक्रमण होता है उसमें नगर परिषद की अनदेखी, लापरवाही के स्पष्ट संकेत होते हैं.

### पक्षियों के लिए बच्चों ने लगाए सकोरे, कहा ये हमारे दोस्त है

**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 18 अप्रैल, सं.** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है. तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण लोग जहां घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, वहीं जल संकट भी गहराता जा रहा है. पानी की तलाश में भटकते ये पक्षी कई बार प्यास के कारण दम तोड़ देते हैं. ऐसे कठिन समय में नगर के बच्चों द्वारा की जा रही एक छोटी लेकिन बेहद संवेदनशील पहल सभी के लिए प्रेरणादायक बन रही है. बच्चों ने अपने घरों की बालकनी, आंगन, छत और पेड़ों पर सकोरे (मिट्टी के बर्तन) एवं अन्य जल पात्र टांगकर उनमें नियमित रूप से पानी भरना शुरू कर दिया है. प्राची, साक्षी, मीनाक्षी, बुलबुल दक्ष जायसवाल सहित कई बच्चों ने अपने घरों में पानी के बर्तन रखकर रोजाना उन्हें भरने की जिम्मेदारी संभाल ली है.



### पीएमश्री करेड़ी में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 18 अप्रैल, का.** पीएमश्री विद्यालय करेड़ी में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने छात्रों का सम्मान किया गया. 12 वीं आर्ट्स छात्र हरिओम चौहान ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया. साथ ही अनिकेत शर्मा ने 88.3 प्रतिशत एवं पायल पंवार ने 81.8 प्रतिशत अंक एवं 12वी गणित अंकित सेन 80.6 प्रतिशत जया सेन बायो 74.8 तरमीम खान 73.8 एवं कक्षा 10 वी रेणुका गौड़ 92.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मनस्वी शर्मा 89.4 विशाल मालवीय 89.4अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की कक्षा 12वीं मे 39 तथा 10 वी में 55 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण के साथ अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धि में योगदान दिया. इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सीमा उपाध्याय एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को बधाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई.



## 56 विभागों की 1700 सेवाएं एक ही पोर्टल पर उपलब्ध

**राजगढ़ 18 अप्रैल, का.** 'एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप' के माध्यम से प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त आधार मिला है. इससे नागरिक सेवाएँ अब अधिक सरल, सुगम और सुलभ हुई हैं. डिजिटल तकनीक आज सुशासन की आधारशिला बन चुकी है और प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ते हुए देश में नई पहचान स्थापित कर रहा है. अब प्रदेशवासियों को विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि एक ही मंच पर सभी सुविधाएँ सहज, त्वरित और पारदर्शी रूप में उपलब्ध कराई जा रही हैं. इस पहल से सेवा वितरण प्रणाली अधिक जवाबदेह और सुव्यवस्थित बनी है. साथ ही नागरिकों के समय एवं संसाधनों से की बचत सुनिश्चित हुई है.

यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध करा रहा है. वर्ष 2026 तक 100 प्रतिशत ई-सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

**एकीकृत पोर्टल पर सभी सेवाएं हुई सरल-** एमपी ई-सेवा पोर्टल पर विभिन्न विभागों की 1700 सेवाओं को एकीकृत कर नागरिकों को बार-बार अलग-अलग पोर्टल पर जाने और दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता समाप्त की गई है. नागरिक मोबाइल ऐप के माध्यम से पात्रता जांच, आवेदन, स्टेटस ट्रैकिंग और अनुमोदन जैसी सभी सुविधाएँ एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकते हैं. पोर्टल पर आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-साइन और डिजिटल प्रमाणपत्र की व्यवस्था से पूरी प्रक्रिया पेपरलेस और फेसलेस बनाई गई है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता दोनों में वृद्धि हुई है.

**समग्र पोर्टल से एकीकरण-ऑटो-वेरिफिकेशन की सुविधा-**'एमपी ई-सेवा' को समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के समग्र पोर्टल से जोड़ा गया है. प्रत्येक परिवार को 8 अंकीय परिवार आईडी और हर सदस्य को 9 अंकीय सदस्य आईडी दी गई है. इससे ऑटो -वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को सक्षम बनाया गया है. इससे पात्रता निर्धारण स्वत: हो जाता है और अनावश्यक देरी व दोहराव समाप्त होता है. पोर्टल की प्रमुख विशेषता 'ऑटो-फेचिंग डॉक्युमेंट्स' है, जिससे नागरिकों को बार-बार दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता नहीं रहती. एक बार अपलोड किए गए दस्तावेज आगे की सेवाओं में स्वत: उपलब्ध हो जाते हैं.

**सुगम, सुरक्षित एवं नागरिक केंद्रित 'ऐप-डिज़ाइन'-** एमपी ई-सेवा पोर्टल को मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ विकसित किया गया है. इसमें बहुभाषीय सुविधा के साथ दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष डिज़ाइन किया गया है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के नागरिक आसानी से इसका उपयोग कर सकें. प्लेटफ़ॉर्म पर अब तक 2 लाख 14 हजार से अधिक ट्रांसेक्शन दर्ज किए जा चुके हैं. इनमें 3 हजार 446 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि 1 लाख 64 हजार 600 से अधिक ट्रैक/डाउनलोड गतिविधियाँ और 45 हजार 954 समग्र पात्रता जांचें की गई हैं.

### भैंस चोर गिरोह के 06 आरोपी पकड़ाए

**कुरावर 18 अप्रैल, सं.** पुलिस टीम द्वारा भैंस चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों के कब्जे से 03 भैंस एवं घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप जप्त की गई है. आरोपियों द्वारा जिला रायसेन से भी भैंस चोरी करना स्वीकार किया गया है. फरियादी दिलीप सिंह पिता भवर सिंह राजपूत,उम्र 60 वर्ष,निवासी गिलाखेड़ी ने 10 अप्रैल को उनके बाड़े से 02 भैंस अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी की शिकायत की थी. इसी प्रकार फरियादी मुंशीलाल पिता कालूराम,निवासी सेमलखेड़ी द्वारा भी भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई. सीसीटीवी फुटेज व साइबर सेल की सहायता से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर संदेहियों की पहचान की गई. पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है.

### ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में फहराया परचम

**जीरापुर 18 अप्रैल, सं.** ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूल में पढ़कर विद्यार्थी श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम पा रहे हैं. समीपवर्ती ग्राम गागोरनी पीएमश्री स्कूल की नियमित छात्रा कनिका गुप्ता पिता राजेंद्र गुप्ता ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है. उक्त छात्रा ने शासकीय स्कूल में बिना किसी कोचिंग के यह सफलता अर्जित की है. छात्रा ने बताया कि स्कूल के शिक्षक के मार्गदर्शन में प्राप्त की है. मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुपर 100 ( वर्ष 2026) परीक्षा में कनिका ने नीट तैयारी हेतु प्रदेश में छटा स्थान और जेईई हेतु प्रदेश में 11 वा स्थान प्राप्त किया है. साथ ही कनिका ने इस वर्ष आयोजित विज्ञान ओलंपियाड में जिले में प्रथम और संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था. छात्र सोमेश दुबे ने कक्षा 12वीं में 92.2 प्रतिशत हासिल कर सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्रस्तुत किया है. प्रतिभावान सोमेश दुबे ने संभाग और राज्य स्तर पर कई बार वेद पाठ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है.



### कलेक्टर ने महर्षि स्कूल के छात्र का सम्मान किया

**जीरापुर 18 अप्रैल, सं.** स्थानीय महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं मैथ्स के छात्र शिवम गिरी का जिलाधीश गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया. शिवम गिरी महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल का छात्र जिसने बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं में जिले कि मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया. छात्र शिवम गिरी ने बताया कि उसकी पढ़ाई बिना किसी कोचिंग के घर पर रहकर ही अध्ययन किया जिसमें परिवार एवं विधालय शिक्षकों द्वारा समय-समय पर शैक्षणिक कार्य में प्रेरित किया गया है. सभी विषय शिक्षकों के द्वारा बताए नोट्स बनाए और भरोसा जताकर अध्ययन किया विद्यालय परिवार एवं संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिव दांगी द्वारा छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई.



### कलेक्टर ने रायल स्कूल के विद्यार्थियों का किया सम्मान

**जीरापुर 18 अप्रैल, सं.** रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल ने इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश एवं जिला स्तर की मेरिट सूची में सर्व श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया. जिला कलेक्टर राजगढ़ गिरीश मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी निधि भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले भर के विद्यार्थियों का सम्मान किया. इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक एवं विद्यालय संचालक भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर सम्मानित होने वाले मेधावी विद्यार्थियों में कक्षा 12वीं खुशबू पाटीदार (489/500, प्रदेश में द्वितीय स्थान), वर्षा कारपेंटर (484/500, प्रदेश में आठवां स्थान) तथा कक्षा 10वीं की रिद्धिमा गुप्ता (490/500, प्रदेश में दसवां स्थान) एवं कृष्ण पाल दांगी (492/500, प्रदेश में आठवां स्थान) शामिल रहे वही रुद्राक्षी गुप्ता पिता सतीश गुप्ता 10 वी में 488/500 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर संस्था संचालक रणधीर सिंह, संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह ने कहा कि रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल पिछले 14 वर्षों से लगातार जिले एवं प्रदेश की मेरिट सूची में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता बनाई. पिछले 5 वर्षों से विद्यालय के विद्यार्थियों ने खेलकूद के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दर्शायी.



### प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**छापीहेड़ा 18 अप्रैल, सं.** आज शासकीय हाई स्कूल देवलीमान खालसा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. इस वर्ष विद्यालय का कुल वार्षिक परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा जिसमें सोना तंवर ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और संध्या दांगी ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और शकीना तंवर और दिव्या पंवार ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया लेकिन विद्यालय प्रबंधन ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी 15 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को आमंत्रित करके सम्मानित किया इस दौरान सभी शिक्षक उपस्थित रहे.



### मेधावी छात्रों के घर गूँजे ढोल, प्राचार्य ने मिठाई खिलाई

**सुठालिया 18 अप्रैल, सं.** सफलता जब कदम चूमती है, तो उसका जश्न भी ऐतिहासिक होना चाहिए. कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया में, जहां विद्यालय के मेधावी छात्रों की शानदार उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है. विद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है इस वर्ष जितेंद्र लोधी को मिलेगी स्कूटी और कुल 25 मेधावी छात्रों ने अपनी मेहनत के दम पर शासन की लैपटॉप योजना के लिए पात्रता हासिल की है. इन छात्रों की इस बड़ी सफलता ने न केवल उनके माता-पिता का सिर गर्व से ऊँचा किया है, बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया है. छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए प्राचार्य हेमंत यादव स्वयं स्कूल स्टाफ के साथ छात्रों के घर पहुंचे.



### गांव की बेटी दिशा कारपेंटर ने रचा इतिहास

**पचोर 18 अप्रैल, सं.** पटाडियाधाकड़ जिले के एक छोटे से गांव की बेटी दिशा कारपेंटर ने शासकीय विद्यालय में पढ़ाई करते हुए कक्षा 12वीं (मैथ्स) में 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल कर गांव का नाम रोशन किया है. दिशा की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है. ग्राम पंचायत की सरपंच सुगनबाई जगदीशसिंह राजपूत ने 26 जनवरी के राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान घोषणा की थी कि यदि गांव के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 10वीं या 12वीं के छात्र-छात्राएं जिले में टॉपर बनते हैं तो उन्हें एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा. दिशा कारपेंटर ने अपनी मेहनत और लगन से इस घोषणा को साकार कर दिखाया. राजगढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी तथा जिला शिक्षा अधिकारी करणसिंह भिलाला द्वारा दिशा कारपेंटर को फूलमाला पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.



GST NO. 23AAHAS0355EvZV Pen No. AAHAS0355E
REG.NO.DR/RJ/H.1.24/-10-59 S.T.NO.RJH/KLC/569

**कार्यालय विपणन सहकारी समिति मर्या. जीरापुर जिला राजगढ (ब्यावरा) म.प्र.**

मोबा 08959225966 vipzirapur@gmail.com

**विज्ञप्ति**

संस्था के आमसभा हेतु नियत समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 30.04.2026 दिन गुरूवार समय दोपहर 12.00 बजे संस्था मुख्यालय जीरापुर पर रखी गई है. इसमे आप कि उपस्थिति प्रार्थनीय है. गणपूर्ति के अभाव में बैठक आधे घण्टे पश्चात पुन: प्रारंभ की जावेगी. जिसमे गण पुर्ति आवश्यक नहीं है.

**प्रबंधक**
**विपणन सहा. समिति मर्या.**
**जीरापुर जिला राजगढ़**

**प्रशासन**
**विपणन सहा. समिति मर्या.**
**जीरापुर जिला राजगढ़**